**FOR BLIS STUDENTS**

**Course** : - Bachelor of Library and Information Science (BLIS)

**Paper** : - Paper-IV

**Prepared By**: - Aftab Ahmad, Assistant Librarian, Faculty Library Science

School of Library and Information Sciences, Nalanda Open University

# **Topic**: UNION CATALOGUE

## CONTENTS

1. Introduction
2. Meaning and Definition
3. Utility and Objectives
4. Prerequisites
5. Types Of Union Catalogue

## 12.2 संघीय सूची (Union Catalogue) :

संघीय सूची का निर्माण मितव्ययिता की दृष्टि से एक उपयोगी एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम है । दो या अधिक पुस्तकालयों के संग्रह को सूचीबद्ध किया जाना संघीय सूची है जिससे आपसी लाभ संभव होता है । संघीय सूची की नींव लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस द्वारा सन् 1901 में डाली गयी थी । 1956 से लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लेखक अनुक्रमणिका से युक्त राष्ट्रीय संघीय सूची का संकलन एवं प्रकाशन कर रहा है जिसमें लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस के मुद्रित सूची पत्रकों तथा उत्तरी अमेरिका के पुस्तकालयों द्वारा प्रस्तुत किये गये आख्याओं के पत्रक प्रविष्टियों को सम्मिलित किया गया है । संयुक्त राष्ट्र के पुस्तकालयों में संग्रहित सामग्रियों की संघीय सूची एक निर्देशिका प्रस्तुत करती है जो एक संदर्भ और शोध उपकरण का कार्य करती है । इन्टरनेशनल कैटालॉग ऑफ सांइटिफिक लिटरेचर का संकलन रॉयल सोसायटी ऑफ लन्दन ने किया था, जिसका पुन: मुद्रण जान्सन रिप्रिन्ट कारपोरेशन ने किया है । भारतवर्ष में पहली संघ सूची कैटालॉग ऑफ साइन्टीफिक एण्ड सीरियल पब्लिकेशन्स इन दी प्रिन्सीपल लाइब्रेरीज ऑफ केलकाटा का संकलन केम्प ने 1918 में किया था । इसका प्रकाशन बंगाल एशियाटिक सोसाइटी ने किया था । 1931 में रायल इन्स्टीट्यूड ऑफ साइंस, बम्बई द्वारा लिस्ट ऑफ साइन्टीफिक पिरियाडीकल्स इन दी बाम्बे प्रेसीडेन्सी का प्रकाशन किया गया था । समय-समय पर विभिन्न संस्थानों, व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संघीय सूची का प्रकाशन किया । निसकेयर, नॉसडाक, सीएसआईआर आदि द्वारा भी महत्वपूर्ण पत्रिकाओं और ग्रंथों का संघी सूची प्रकाशित किया गया है । वर्तमान समय में कम्प्यूटर आधारित ग्रंथपरक डेटाबेसों एवं ऑन लाइन सूचियों के निर्माण हो रहे है जो नेटवर्क के माध्यम से उपयोक्ताओं को सूचना प्रदान करते हैं । डेलनेट, इनफ्लिबनेट आदि प्रमुख नेटवर्क है जो ग्रंथों की संघीय सूची, सामयिक पत्र-पत्रिकाओं की संघीय सूची का निर्माण किये है । वर्ल्ड कैट (ओसीएलसी : ऑन लाइन यूनियन कैटालॉग) संघीय सूची विश्व का विशालतम एवं ग्रंथपरक डेटाबेस है ।

### 12.2.1 अर्थ एवं परिभाषा :

दो या अधिक पुस्तकालयों द्वारा बनाई जाने वाली सूची को संघीय सूची कहते हैं । संघीय सूची का संकलन करने में किसी राज्य या क्षेत्र या सम्पूर्ण राष्ट्र के सभी पुस्तकालय सम्मिलित किये जा सकते हैं ।

संघीय सूची से संबंधित कुछ प्रमुख परिभाषायें निम्न हैं :

''संघीय सूची दो या अधिक पुस्तकालयों के सम्पूर्ण या आंशिक संग्रह को एक अनुक्रम में सूचीबद्ध करती है''

........... के. लारसन

''दो या अधिक पुस्तकालयों के सभी प्रलेखों की सूची है जो उन सभी पुस्तकालयों ने नाम की सूचना देती है जहाँ संबंधित प्रलेख की प्रतियाँ पायी जाती है । एक संघीय सूची सभी प्रकार के प्रलेखों को अथवा उनमें से विशेष प्रकार के प्रलेखों को सम्मिलित करती है ।''

....... एस.आर. रंगनाथन

"अनेक ग्रंथालयों में संग्रहीत ग्रंथों की सम्मिलित सूचियों को संघ सूची कहते हैं, वे किसी एक ही संस्था से संबंधित हो सकती है अथवा नहीं भी हो सकती है ।" ...... डी.एम. नारीस

"दो या अधिक पुस्तकालयों के सम्पूर्ण या उसके चयनित संग्रह की एकांकी क्रम तालिका को संघीय सूची कहते हैं" ........ वाल्टर बहुइज

अत: संघीय सूची दो या अधिक पुस्तकालयों के पाठ्य सामग्रियों की संकलित सूची है जो किसी एक क्रम में व्यवस्थित हो तथा जिसमें पुस्तकालय का नाम प्रत्येक सामग्री के सामने अंकित होता है जहाँ सामग्री उपलब्ध है ।

### 12.2.2 उद्देश्य एवं उपयोगिता :

संघीय सूची निम्न उद्देश्यों की सम्पूर्ति करती है:

(i) किसी भौगोलिक क्षेत्र के पुस्तकालयों में संगृहीत सामग्रियों की उपलब्धता का सम्पूर्ण विवरण संघीय सूची से ज्ञात हो जाता है । अत: यह एक उपकरण के रूप में कार्य करती है ।

(ii) यह अनावश्यक पुनरावृत्ति से बचाने का एक साधन है ।

(iii) यह पुस्तकालय संग्रह की समृद्धि तथा कमी को दर्शाती है ।

(iv) अन्त: पुस्तकालय आदान-प्रदान में इससे सहायता होती है ।

(v) प्रलेखों के चयन के लिए उपयोगी है ।

(vi) ग्रंथपरक सूचनाओं की प्राप्ति हेतु अत्यन्त उपयोगी साधन है ।

(vii) किसी विशिष्ट सामग्री की प्राप्ति स्थान का ज्ञान प्राप्त होता है ।

(viii) यह संग्रह विशिष्टीकरण एवं उपयोग के क्षेत्रों को दर्शाती है ।

(ix) संदर्भ स्त्रोत के रूप में संघीय सूची एक उपयोगी उपकरण है ।

### 12.2.3 पूर्वापेक्षाएँ :

सहकारी सूचीकरण के स्वाभाविक परिणाम संघीय सूची है । सहयोग के बिना संघीय सूची का संकलन संभव नहीं है । इसके संकलन में पुस्तकालय सहकारिता आवश्यक है । अत: संघीय सूची के संकलन के उद्देश्य निश्चित करना चाहिए एवं इस प्रकार के संकलन के पूर्व निम्न तथ्यों पर स्पष्ट धारणा होनी चाहिए :

**(i) समावेशित होने वाला भौगोलिक क्षेत्र** : इसका क्षेत्र स्थानीय, क्षेत्रीय या राष्ट्रीय हो सकता है । राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर संघीय सूची निर्माण करना कठिन एवं अद्यतन करना आसान नहीं है । जबकि स्थानीय संघीय सूची का निर्माण एवं अद्यतन करना आसान है । अत: अगर राष्ट्रीय या क्षेत्रीय संघीय सूची का निर्माण करना हो तो उसका आधार सामग्री एवं पुस्तकालयों का चयन होना चाहिए ।

**(ii) पाठ्य सामग्रियों का स्वरूप के संबंध में निर्णय** : इसके अन्तर्गत पाठ्य सामग्रियों के प्रकार (ग्रंथ, सामयिकी, अपुस्तकीय सामग्री), भाषा (एक या कई), विषय (विषय विशेष या विषय समूह), अवधि (सामयिक या सिंहावलोकन) इत्यादि विचारणीय बिन्द होते हैं ।

**(iii) सूची के भौतिक स्वरूप** : किसी एक सूची स्वरूप का चयन आवश्यक है । मुख्य रूप से मुद्रित पुस्तक स्वरूप को अपनाना जाता है । वर्तमान में कम्प्यूटर द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रानिक प्रारुपों में संकलित की जाती है ।

**(iv) सूची संहिता** : संकलन कर्त्ता को सूची निर्मित करने हेतु सूची संहिता का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

**(v) प्रविष्टियों के प्रकार :** संकलनकर्त्ता को प्रविष्टियों के प्रकार तथा शीर्षक एवं उनमें अंकित सूचना के संबंध में निर्णय करना चाहिए । समावेशित पुस्तकालयों को इसे पूर्णरूपेण अपनाना चाहिए ।

**(vi) ग्रंथात्मक विवरण :** प्रत्येक प्रविष्टि में विवरण का स्तर या सीमा निर्धारण कर लेना चाहिए ।

**(vii) व्यवस्थापन :** प्रविष्टियों का विन्यासन सामान्यता निम्न तीन प्रकार का होता है :

(अ) विशुद्ध शब्दकोशीय

(ब) अनुवर्ग अनुक्रम के साथ अनुक्रमणिकायुक्त

(स) शब्दकोशीय : विषयानुक्रमणिका तथा स्थानानुक्रमणिकायुक्त

वर्तमान समय में कम्प्यूटर की सहायता से जो संघीय सूची संकलित की जाती है, उनसे उपयोक्ताओं के विभिन्न अभिगमों को संतुष्ट करना संभव हो गया है ।

**(viii) संकलन एवं अद्यतन करने की विधि :** संकलन एवं अद्यतन करने हेतु कोई बड़ा पुस्तकालय अपने संकलन की सूची को समावेशित पुस्तकालयों के बीच परिचालित कर सकता है या मूल सूची की प्रतियाँ समावेशित पुस्तकालयों के बीच परिचालित की जाय या समोवशित पुस्तकालयों की सूचियों को समुचित कर दिया जाय या पुस्तकालयों में जाकर सूचनायें एकत्रित की जाये ।

### 12.2.4 प्रकार :

रूथ पेट्रीक के अनुसार संघीय सूची के निम्न प्रकार होते हैं :

**(i) पूर्ण संघीय सूची :** समावेशित पुस्तकालयों में उपलब्ध समस्त पाठ्य सामग्रियों की सूचियों को सम्मिलित किया जाता है ।

**(ii) चयनात्मक संघीय सूची :** इसको किसी सीमित विषय क्षेत्र या प्रमुख संग्रह या पाठ्य सामग्री के प्रकार के आधार पर प्रस्तुत करते हैं ।

**(iii) समावेशित पुस्तकालयों के संसाधनों की सूची :** इसमें प्रलेख विशेष किस पुस्तकालय में उपलब्ध होगा, इसका उल्लेख नहीं होता है । यह मुख्य रूप से विषय विशेष में पुस्तकालय संग्रह की समृद्धि की ओर इंगित करती है ।

**(iv) सामयिकी की संघ सूची :** इसमें या तो समावेशित पुस्तकालयों में उपलब्ध समस्त विषयों की या सामयिकों के प्रकार को सम्मिलित करते है ।

उपरोक्त के अतिरिक्त संघीय सूची को सामग्री के प्रकार द्वारा, भौगोलिक क्षेत्र द्वारा, पुस्तकालयों के प्रकार द्वारा समय या अवधि द्वारा विभिन्न प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है ।